## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में बनेगा रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट को पहली महिला जज मिलने की उम्मीदें बढ़ गई है। न्यायिक आयोग ने आयशा मलिक के नाम की सिफारिश कर दी है। देश के इतिहास में पहली बार कोई महिला सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त होने जा रही है। न्यायमूर्ति आयशा मलिक ने हार्वर्ड लॉ स्कूल से एलएलएम की पढ़ाई की है। 2012 में लाहौर हाई कोर्ट में जज के तौर पर इनकी नियुक्ति हुई। उससे पहले एक प्रमुख कॉर्पोरेट और वाणिज्यिक कानून फर्म में काम कर रहीं थीं। अपने प्रमोशन के दौरान वो पिछले 20 वर्षों में लाहौर उच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश थीं। जिसमें चुनावों में संपत्ति की घोषणा, गन्ना उत्पादकों को भुगतान और पाकिस्तान में अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता को लागू करना शामिल है। लाहौर हाई कोर्ट की जज आयशा मलिक पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश बन सकती हैं।

### अफ्रीका में ड्रैगन को बड़ा झटका, नाइजीरिया में 3 चीनी नागरिकों का अपहरण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माकर्डी (नाइजीरिया)। अफ्रीका में तेजी से पैर पसार रहे चीनी ड्रैगन को बड़ा झटका लगा है। अफ्रीकी देश नाइजीरिया के उत्तरी मध्य क्षेत्र में काम कर रहे चीन के तीन नागरिकों का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। अफ्रीका में सबसे अधिक आबादी वाले इस देश में हिंसा की यह ताजा घटना है। चीन बहुत तेजी से अपनी बेल्ट ऐंड रोड परियोजना को अफ्रीका में फैला रहा है और उसके हजारों नागरिक और सैनिक इस समय अफ्रीकी देशों में मौजूद हैं। नाइजीरिया की पुलिस ने अपहरण की जानकारी दी है। बंदूकधारियों ने नाइजर राज्य में निर्माणाधीन हाइड्रोइलेक्ट्रिक ऊर्जा संयंत्र में प्रवासियों के साथ काम कर रहे दो नाइजीरियाई नागरिकों की मंगलवार को हत्या कर दी। पुलिस के प्रवक्ता वासियु एबिओडुन ने बुधवार को एक बयान में बताया कि कर्मचारी गुस्सासे गांव में संयंत्र में एक ट्रांसमिशन लाइन बिछाने के काम में लगे थे,तभी हमलावर आए और उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

### सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान लिखी चिट्ठी अब पहुंची घर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वोबर्न (अमेरिका)। डाक विभाग केवल भारत में ही देर से चिट्ठियां नहीं पहुंचाता, बल्कि अमेरिका में तो आदमी के गुजर जाने के बाद पत्र पहुंचाता है। एक सैनिक ने अपनी मां को 76 साल पहले चिट्ठी लिखी थी जो अब उनके घर पहुंची। मगर न तो चिट्ठी लिखनेवाला बेटा और ना ही पत्र पाने वाली मां इस दुनिया में हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध के खत्म होने के बाद जर्मनी में तैनात एक अमेरिकी सैनिक ने मैसाचुसेट्स में अपनी मां को पत्र भेजा था। 76 साल बाद उस चिट्ठी को आर्मी सार्जेंट की पत्नी को दिया गया।"ष्य ज्ट ने बुधवार को अपनी एक खबर में बताया कि दिसंबर 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध आधिकारिक तौर पर खत्म हो गया था। उसके बाद 22 साल के आर्मी सार्जेंट जॉन गोंजाल्विस ने वोबर्न में रह रही अपनी मां को एक पत्र लिखा था।

### अमेरिका में आया बिना ड्राइवर के चलने वाला ट्रैक्टर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दुनियाभर में भविष्य में खेती कैसे होगी, इसका एक नजारा अमेरिका में दिखने लगा है। दिग्गज अमेरिकी कंपनी जॉन दीरे ने पहला बिना ड्राइवर के चलने वाला टैक्टर तैयार किया है। यह ट्रैक्टर किसान अपने स्मार्टफोन से कंट्रोल कर सकेंगे। यह ट्रैक्टर इतना स्मार्ट है कि इसके सामने अगर कोई पशु आ जाता है तो वह जुताई करना बंद कर देगा। यह सेल्फ ड्राइविंग ट्रैक्टर किसान दिन हो या रात 24 घंटे कभी भी चला सकेंगे। कंपनी ने इस ट्रैक्टर का नाम 8R रखा है। इस 8आर ट्रैक्टर को लॉस वेगास में बुधवार को कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स शो में पेश किया गया है। अमेरिका में साल 2019 से ही कुछ किसान इस ट्रैक्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी का दावा है कि इस ट्रैक्टर से दुनिया में कर्मचारियों का संकट खत्म हो जाएगा। इस ट्रैक्टर में 6 जोड़ी कैमरे लगाए गए हैं और यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस है।

# अमेरिका के संसद पर हुए कैपिटल हिल हमले को एक साल पूरा

श्रद्धांजली

## कोरोना के खतरे के बीच सतर्कता के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं और सांसदों ने गुरुवार देश के संसद कैपिटल बिल्डिंग पर हुए हिंसक हमले के एक साल पूरा होने पर कोरोना के खतरे के बीच सतर्कता के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कैपिटल बिल्डिंग पर हुए हमले के औपचारिक और गंभीर दिन पर प्रार्थना सभा भी इसका एक हिस्सा था। 6 जनवरी को हुए हमले के एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। कांग्रेस के लगभग सैंकड़ों सदस्य मास्क पहने हुए प्रार्थना सभा में मोमबत्तियां लेकर बाहर खड़े थे। हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने पिछले साल कैपिटल दंगे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजली दी।

पेलोसी ने अपने संबोधन में कहा कि सीनेट के प्रतिष्ठित डेमोक्रेटिक नेताओं, सदन और सीनेट के हमारे सभी सहयोगियों की ओर से हम कैपिटल बिल्डिंग पर हुए हमले के एक साल पूरा होने पर प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि हम हिंसक हमले से कैपिटल और हमारे लोकतंत्र की रक्षा करने वालों का देशभक्ति से सम्मान करते हैं। इसके बाद उन्होंने कहा कि आइए हमले में जान गंवाने वाले लोगों की याद में हम सभी कुछ क्षणों का मौन रखें, जिन्होंने हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी जान गंवाई और सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम में पेलोसी के साथ, सीनेट मेजारिटी लीडर चक शूमर, मेजारिटी व्हिप सेन रिचर्ड डर्बिन और हाउस मेजारिटी लीडर स्टेनी होयर जैसे शीर्ष डेमोक्रेट भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बोलते हुए एथिकल चर्च के पीठासीन बिशप रेवरेंड माइकल करी ने कहा आइए हम सभी प्रार्थना करते हैं।



भगवान जो लोकतंत्र और राष्ट्र आप हमें बनाना चाहते हैं वो बनने के लिए हमें आपकी मदद की जरूरत है। सभी के लिए स्वतंत्रता और न्याय के साथ अविभाज्य एक राष्ट्र ईश्वर के अधीन है। इसलिए हम आपसे हमारी मदद की प्रार्थना करते है, जिससे हम सभी पीड़ित लोगों की मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है उन सबकी मदद करें। संघर्ष कर रहे लोगों की भी मदद करें।

बिशप ने आगे कहा कि इस देश के लिए, देश की कांग्रेस, देश की सरकार, लोगों और विश्व के लिए शांति, प्यार और मेडिकल उपकरण बनने में हमारी मदद करें। बता दें कि पिछले साल 2021 में 6 जनवरी को ट्रंप के समर्थकों की भीड़ ने यूएस कैपिटल पर धावा बोल दिया था। राष्ट्रपति बाइडन की चुनावी जीत को प्रमाणित करने के लिए सभी सांसदों ने कैपिटल में मुलाकात की थी।

## मेक्सिको में गवर्नर ऑफिस के सामने दस डेड बॉडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेक्सिको। मेक्सिको के जाकाटेकस राज्य में गवर्नर ऑफिस के सामने 10 लोगों के शव रख दिए गए। इन लोगों की पीट–पीट कर हत्या की गई थी। ये सभी डेड बॉडी एक क्रिसमस ट्री के पास ट्रक में रखा गया था।

बताया जा रहा है कि ट्रक को गवर्नर कार्यालय के सामने सुबह होने से पहले छोड़ा गया था। गवर्नर डेविड मोनरियाल ने कहा कि वो काम शुरू करने ही वाले थे कि उन्हें शवों के मिलने की सूचना मिली। मोनरियाल ने कहा कि शवों पर पीटने और चोट के निशान थे। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि एक शख्स ने ट्रक को प्लाजा में घुसाया, फिर गाड़ी से उतरकर एक गली से बाहर निकल गया। संघीय एजेंसियां जांच में सहयोग के लिए अतिरिक्त मदद भेज रही हैं। इस राज्य में नशीले सामानों की तस्करी के लिए आए दिन वर्चस्व की लड़ाई होती रहती है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

सिनालोआ और जलिस्को में तस्कर गिरोह के कारण लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बहुत ही खराब है। यहां बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है। वहीं, जाकाटेकस के भी हालात बहुत अच्छे नहीं है। यहां प्रति व्यक्ति हत्या की दर सबसे अधिक है।



## मेडागास्कर ने मांगी मदद तो मदद को पहुंचा आईएनएस-केसरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एंतानंरिवो, मेडागास्कर। भारतीय नौसना का पोत आईएनएस केसरी मेडागास्कर में कोमोरियन कोस्ट गार्ड (सीसीजी) की मदद के लिए पहुंच चुका है। आईएनएस केसरी मोडागास्कर के मोरोनी बंदरगाह पर शुक्रवार को पहुंचा। आपको बता दें कि मेडागास्कर के कोमोरियन कोस्ट गार्ड की मदद की गुहार पर भारतीय नौसेना का पोत वहां पर पहुंचा है। सीसीजी ने भारतीय नौसेना से तकनीकी मदद की गुहार लगाई थी। इसके ही मद्देनजर आईएनएस केसरी वहां पहुंचा है। आपको बता दें कि सीसीजी ने अपने पेट्रोलिंग वैसल पी002–एम कोंबोजी की रिपेयरिंग के लिए भारत से मदद दूतावास के जरिए मदद की गुहार लगाई थी।

## तालिबानी आतंकी अफगान सेना के कमांडरों से ले रहे क्रूर बदला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। करीब 20 साल तक चली क्रूर हिंसा के बाद तालिबानी आतंकी पिछले साल अगस्त महीने में अशरफ गनी सरकार को हटाकर सत्ता में आ गए। तालिबानियों के सत्ता में आए कई महीने बीत चुके हैं लेकिन अभी तक इन आतंकियों का अपने पूर्व दुश्मनों से जारी जंग जारी है। तालिबानी आतंकी पूर्व सरकार के सैकड़ों सदस्यों और सैनिकों की हत्या कर चुके हैं या उन्हें जबरन लापता कर दिया है। अब ये तालिबानी आतंकी क्रूरता की सभी हदें पार करते हुए अफगान सेना के सैनिकों की कब्रों को भी नहीं छोड़ रहे हैं

**पूर्व गवर्नर मोहम्मद दाऊद दाऊद के मकबरे को बर्बाद किया**

और उनमें तोड़फोड़ कर रहे हैं। गंधारा की खोजी रिपोर्ट के मुताबिक 1990 के दशक में तालिबान से जंग लड़ने वाले अफगान कमांडरों की याद में बनी स्मारकों को आतंकी बर्बाद कर रहे हैं। हालांकि तालिबान ने ऐसी बहुत सी घटनाओं की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया है। उधर, अफगान जनता ने आरोप लगाया है कि आतंकी इस्लामिक परंपरा का भी उल्लंघन कर रहे हैं जो मृतकों का सम्मान करने पर जोर देता है।

ताजा घटना में तालिबानी आतंकियों पर गत 26 दिसंबर को दक्षिणी पूर्वी पाकटीका प्रांत में पूर्व पुलिस कमांडर दराया खान तलाश के मकबरे को बम से उड़ाने का आरोप लगा है।

कमांडर तलाश की साल 2020 में तालिबान की ओर से सड़क किनारे लगाए गए बम में विस्फोट से मौत हो गई थी। बताया जाता है कि उनके 4 भाइयों की भी तालिबान से लड़ते हुए मौत हो गई थी।

तालिबानी आतंकियों पर गत 17 दिसंबर को तखार प्रांत के पूर्व गवर्नर मोहम्मद दाऊद दाऊद के मकबरे को भी बर्बाद करने का आरोप लगा है। दाऊद की साल 2011 में प्रांत की राजधानी तालोकान में तालिबान के आत्मघाती बम हमले में मौत हो गई थी।

## अब 12 से 15 साल के बच्चों को फाइजर का बूस्टर डोज लगाने की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। पृथ्वी पर कहीं भी मुट्ठी भर मिट्टी को छानने पर लाखों सूक्ष्य जीव और कीड़े पाए जा सकते हैं। चिली में अटाकामा के वीरान रेगिस्तान से लेकर येलोस्टोन ज्वालामुखी तक इस ग्रह पर दुर्गम से दुर्गम परिस्थितियों में भी जीवन सांस ले रहा है। लेकिन एक नए अध्ययन ने इन दावों को झुठला दिया है, जो बताता है कि अंटार्कटिका के ट्रांसअंटार्कटिक पहाड़ों के बीच अभी भी जीवन का पहुंचना बाकी है। ब्रिघम यंग यूनिवर्सिटी (बीवाईयू) और अमेरिका में कोलोराडो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने इस सुदूर पर्वत श्रृंखला की यात्रा की। वैज्ञानिकों का मकसद इस बात की खोज करना था कि हजारों सालों में मिट्टी में जीवन कैसे विकसित हुआ है। अपनी यात्रा के दौरान वैज्ञानिक हैरान हो गए क्योंकि उन्होंने कुछ भी नहीं खोजा। इस रिसर्च का नेतृत्व करने वाले बीईयू जीवविज्ञानी बायरन एडम्स ने कहा कि एक ग्राम मिट्टी में एक अरब तक सेल्स मौजूद हो सकती हैं लेकिन हमें इस मिट्टी में एक भी कोशिका नहीं मिली।